# मेवाड़ विश्व विद्यालय में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आज से

गंगरार, 20 फरवरी (जसं.)। अग्नि सुरक्षा विभाग मेवाड़ विश्वविद्यालय, राजस्थान अग्निशमन सेवा तथा रोजगार एवं कौशल विकास परिषद के सहयोग से पन्द्रह दिवसीय विशेष अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम 'अग्निरक्षक 21' का आयोजन 21 फरवरी को मेवाड़ एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष गोविन्द लाल गदिया की अध्यक्षता में पूर्व चीफ फायर ऑफिसर हरिश थानवी एवं सुरेश थानवी की मौजूदगी में होगा।

कार्यक्रम संयोजक वी.ए. जगदला प्रधावन ने बताया कि प्रशिक्षण का आयोजन प्रतिदिन बढ़ रहे अग्निकाडों को ध्यान में रखकर समाज में जागरुकता बढ़ाने के उदेश्य से गृह मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा। उन्होंने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया का सामाजिक सरोकारों में शुरु से ही गंभीर रुझान होने से विश्वविद्यालय समय-समय पर श्रंखलाबद्ध रूप से जनहित कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। 7 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित फायर ऑफिसर, एक्सपर्ट्स छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा की बारीकियों व बचाव के तरीके समझायेगें। इसके साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में फर्स्ट एड एवं टेक्नीक की जानकारी भी एक्सपर्टस द्वारा दी जायेगी। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राए विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क कर सकते हैं। Jannayak 21-02-2021

# अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**चित्तौड़गढ़.** अग्नि सुरक्षा विभाग मेवाड़ विश्वविद्यालय, राजस्थान अग्निशमन सेवा और रोजगार एवं कौशल विकास परिषद के सहयोग से पन्द्रह दिवसीय विशेष अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम अग्निरक्षक-21 का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण का आयोजन प्रतिदिन बढ़ रहे अग्निकाड़ों को ध्यान में रखकर समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा। इससे जान-माल का नुकसान कम किया जा सकें।

कार्यक्रम संयोजक वीए जगदला प्रधावन ने बताया कि मेवाड़ विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. अशोक कुमार गदिया का सामाजिक सरोकारों में शुरू से रूझान रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय समय-समय पर श्रृंखलाबद्ध रूप से जनहित कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। 7 मार्च 2021 तक चलने वाले कार्यक्रम में देश-प्रदेश के प्रतिष्ठित फायर ऑफिसर, एक्सपर्ट्स छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा की बारीकियों व बचाव के तरीके समझाएं जाएंगे।

इमरजेन्सी परिस्थितियों में फ र्स्ट एड एवं टेक्नीक की जानकारी भी एक्सपर्टस द्वारा दी जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष गोविंदलाल गदिया की अध्यक्षता में पूर्व चीफ फ ायर ऑफिसर हरिश थानवी एवं सुरेश थानवी की मौजूदगी में होगी। कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।

Rajasthan Patrika 21-02-2021